University in News on 10 May 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

पहले व दूसरे सेमेस्टर में फेल छात्र 17 तक भरें परीक्षा फॉर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक छठा सेमेस्टर पास कर चुके ऐसे विद्यार्थी जो पहले व दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा में फेल हो गए थे, वे बैक पेपर देने के लिए परीक्षा फॉर्म 17 मई तक ऑनलाइन भर दें। परीक्षा विभाग ने इन विद्यार्थियों को अंतिम अवसर देते हुए पोर्टल खोल दिया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने शुक्रवार को पत्र जारी करते हुए लविवि और सभी संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, रायबरेली व लखनऊ के सहयुक्त कॉलेजों के विद्यार्थियों को बैक परीक्षा का फॉर्म भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र तय तिथि में फॉर्म भरकर उसकी हॉर्ड कॉपी संबंधित संकायध्यक्ष, विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा कर दें। विभागाध्यक्ष उसे अग्रसारित कर 18 मई को हर हाल में परीक्षा विभाग भेज दें।

महाविद्यालयों में प्राचार्य फॉर्म को लॉगिन आईडी से ऑनलाइन अग्रसारित करेंगे। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने में किसी तरह की गलती होने पर छात्र 7897999211, 7897992064, 7897992062 पर व्हाट्सएप या संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही lu.support@otpl.co.in पर ईमेल भी कर सकते हैं।

लविवि : परीक्षा विभाग ने अंतिम अवसर देते हुए खोला पोर्टल

पीजी : चार विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत शुक्रवार को परास्नातक के चार पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि जिन विषयों के कार्यक्रम जारी हुए हैं, उनमें एमए अंग्रेजी, एमए कंप्यूटर साइंस, एमए डिफेंस स्टडीज और एमए फ्रेंच शामिल हैं। (संवाद)

छात्रों ने देखा, कैसे बनती है आंख की दवा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को सैंथो फार्मास्युटिकल्स कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया। यह कंपनी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से अनुमोदित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रमण के दौरान छात्रों ने आई ड्रॉप्स और आई ऑइंटमेंट्स की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और औषधि निर्माण के कई तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कंपनी की प्रबंध निदेशक एकता अग्रवाल ने छात्रों को भविष्य में प्लेसमेंट अवसरों के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में छठा सेमेस्टर पास विद्यार्थी दे सकेंगे बैक पेपर

फैसला

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने छात्र हित में बड़ा फैसला लिया है। इससे बीए, बीएससी और बीकॉम नॉन एनईपी पाठ्यक्रम के छठे सेमेस्टर पास छात्र-छात्राओं को बैक पेपर परीक्षा देने का मौका मिल सकेगा। इस संबंध में परीक्षा विभाग की ओर से पोर्टल खोल दिया गया है। जिससे यह विद्यार्थी 17 मई तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू में जो बीए, बीएससी और बीकॉम नॉन एनईपी छात्र अपनी छठे सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं लेकिन प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। ऐसे छात्रों को छात्रहित में एक आखिरी मौका देते हुए प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा देने का मौका मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भरने की अंतिम तिथि 17 मई है।

परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि बैक पेपर परीक्षा कराने के लिए लगभग 150 विद्यार्थियों ने प्रार्थना पत्र परीक्षा विभाग में जमा किया था। जिसके बाद कुलपति के समक्ष परीक्षा समिति और कार्य परिषद से पास कराया।

बीबीए पर्यटन, आतिथ्य को मंजूरी: लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से बीबीए पर्यटन और आतिथ्य कार्यक्रम के लिए 2025-26 शैक्षिक वर्ष के लिए स्वीकृति विस्तार मिल गया है।

- 17 मई तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म छात्र-छात्राएं
- बीते वर्ष परीक्षा समिति के फैसले को मिला अनुमोदन

समस्या हो तो कॉल करें

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि छात्रों की ओर से ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि या समस्या पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। व्हाट्सएप नंबर 7897999211, 7897992064 ईमेल lu.support@otpl.co.in पर मेल कर सकते हैं।

श्याम एलयू के पैनल अधिवक्ता नामित

श्याम कुमार राय एलयू का पैनल अधिवक्ता नामित किए गए हैं। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर जानकारी दी है। कुलसचिव के अनुसार श्याम कुमार राय को उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में योजित याचिका में एलयू की ओर से विरोध व प्रभावी पैरवी के लिए पैनल अधिवक्ता नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह भी एलयू के अधिकृत अन्य नामित अधिवक्ताओं की तरह कार्य करेंगे।

छात्रों ने आई ड्रॉप्स उत्पादन का तरीका जाना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को सैन्थो फार्मास्युटिकल्स का शैक्षिक भ्रमण किया। यह कंपनी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से अनुमोदित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया किछात्रों ने आई ड्रॉप्स व आई ऑइंटमेंट्स की उत्पादन प्रक्रिया समझी।

NBT PAGE 4

LU: बीबीए टूरिज्म के लिए AICTE की ओर से मंजूरी

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय के वीवीए टूरिज्म पाठ्यक्रम को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) की ओर से मंजूरी दी गई है। AICTE स्वीकृत पाठ्यक्रमों से विभिन्न सरकारी ग्रांट्स, छात्रवृत्तियों और योजनाओं के लिए आवेदन करने का अवसर मिलता है।

एलयू के टूरिज्म संस्थान की निदेशक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि इससे छात्रों को तेजी से विकसित हो रहे पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में करियर के बेहतर विकल्प मिल रहे हैं। इसमें दाखिले की प्रक्रिया चल रही है, छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

PIONEER PAGE 4

LU फेल छात्रों को दोबारा मौका देगा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊः** स्नातक के ऐसे छात्र जो फाइनल सेमेस्टर पास करने के बाद पिछले सेमेस्टर में फेल हो गए हैं, लखनऊ विश्वविद्यालय उन्हें दोबारा परीक्षा का मौका देगा। विवि के परीक्षा विभाग की ओर से ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म जारी कर दिया गया है।

एलयू में बीए, बीएससी, बीकॉम के काफी संख्या में ऐसे छात्र हैं जिन्होंने छह सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी कर ली है। लेकिन उनके पहले व दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं क्लियर नहीं हैं। ऐसे छात्रों को स्नातक की न तो डिग्री मिल पा रही है न वह आगे के पाठ्यक्रम में दाखिला ले पा रहे हैं। इसमें ज्यादातर वो छात्र हैं जो एनईपी पाठ्यक्रम के नहीं है। ऐसे में वह चौथे साल में दाखिला भी नहीं ले सकते हैं क्योंकि उनका पाठ्यक्रम तीन साल का ही है। इसलिए विवि की ओर से इन छात्रों को कोर्स पास करने का अंतिम मौका दिया गया है। सभी छात्र विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 17 मई है। एलयू के छात्र ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।

छात्रों ने सैन्थो फार्मास्युटिकल्स का शैक्षिक भ्रमण किया

लखनऊ। लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को सैन्थो फार्मास्युटिकल्स का शैक्षिक भ्रमण किया। यह कंपनी एक जीएमपी (गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस) और डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा अनुमोदित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने आई ड्रॉप्स और आई ऑइंटमेंट्स की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और औषधि निर्माण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव देना और उनकी व्यावसायिक समझ को सुदृढ़ करना था। इस दौरान कंपनी की प्रबंध निदेशक एकता अग्रवाल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें भविष्य में प्लेसमेंट के अवसरों के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भ्रमण के दौरान उपस्थित रहे और उन्होंने कंपनी की प्रबंध समिति को इस अवसर के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

JAGRAN CITY PAGE III

लविः डिप्लोमा और प्रमाण पत्र कोर्सों में आवेदन शुरू

प्रवेश समन्वयक ने जारी किया नोटिफिकेशन 35 कोर्सों की करीब 910 सीटों पर प्रवेश का मौका

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के बाद शुक्रवार से पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और प्रोफेशिएंसी मिलाकर 35 पाठ्यक्रमों की करीब 910 सीटों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर समर्थ पोर्टल के लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। प्रवेश समन्वयक डा. अनिल गौरव ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को एलयूआरएम पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जारी गाइडलाइन के अनुसार किसी भी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट प्रोग्राम जिनमें विज्ञापित सीटें 30 या उससे अधिक हैं ऐसे प्रोग्राम तभी संचालित होंगे जब उसमें न्यूनतम 20 विद्यार्थी प्रवेश लेंगे। इसी तरह किसी भी जिन कोर्स में विज्ञापित सीटें 30 या उससे कम हैं, वे भी चलेंगे जब उसमें न्यूनतम 10 विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। इस बार पीजी डिप्लोमा में 510, एडवांस डिप्लोमा में 60, सर्टिफिकेट की 80, प्रोफेशिएंसी में 125 व डिप्लोमा में 135 सीटें हैं।

विषवार कोर्स और सीटें

पीजी डिप्लोमा : राइट टू इंफार्मेशन 30, आर्कियोलाजी एंड म्यूजियोलाजी 15, डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन 30, गर्भ संस्कार 30, एचआइवी/एड्स एंड फैमिली लाइफ एजुकेशन 30, पाली 20, प्राकृत 20, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 60, रीप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ 30, संस्कृत 20, सोशल इंप्लूटीज एंड ह्यूमन राइट्स 30, ट्रांसलेशन 30, कर्म कांड 10, पीजी डिप्लोमा काउंसिलिंग 30, इथिकिमिओलाजी एंड बायोस्टेटिक्स 30, रिमोट सेंसिंग एंड जीआइएस 15, योग 40, बायोडायवर्सिटी

चाइल्डलाइफ केअरफेशन एंड मैनेजमेंट 30, एक्सप्लोरेशन, रिसोर्स एंड मीनिंग टेक्नोलाजी 10 सीटें।

एडवांस डिप्लोमा : अरेबिक 20, फ्रेंच (रेगुलर) 10, फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस 10, तमिल 20 सीट।

सर्टिफिकेट : प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच (रेगुलर) 40, प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच 80, सर्टिफिकेट : जलीय वन्यजीव संरक्षण 20, पक्षी विज्ञान 20 सीटें, वेटलैंट मैनेजमेंट 20 सीट।

प्रोफेशिएंसी : अरेबिक 25, पाली 20, पर्शियन 10, प्राकृत 20, संस्कृत 20, तमिल 20, उर्दू 10 सीट।

डिप्लोमा : अरेबिक 20, प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच रेगुलर 20, प्रोफेशिएंसी इन फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस 20, तमिल 20, डेटा एनालिस्ट विथ स्टैटिस्टिक पैकेज फार सोशल साइंस 30, रिटेल डेवलमेंट इन प्रोसेसिंग एंड वैल्यू एडिशन आफ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स 25 सीट।

बीकाम आनर्स का परीक्षा कार्यक्रम बदला, नया जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बी.काम आनर्स सम सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करते हुए परास्नातक के चार और विषयों को समग्र सारिणी भी जारी की है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

बी.काम आनर्स दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मई से 11 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 23 मई से 10 जून और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 मई से 30 जून तक होंगी। वहीं, एम.एससी केंयस्टर साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 20 से 29 मई, चौथे सेमेस्टर की 21 से 28 मई, एम.ए डिफेंस स्टडीज दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 26 मई से चार जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 27 मई से तीन जून तक आयोजित की जाएंगी। एम.ए ओंग्रेजी दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षा 22 मई से दो जून, इसके चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 23 से 30 मई, एम.ए फ्रेंच दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षा 22 मई से दो जून, चौथे सेमेस्टर की 23 से 30 मई तक होंगी।

आइटीआइ में प्रवेश के लिए आवेदन 12 से : राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की ओर से आइटीआइ में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 मई से शुरू होकर पांच जून तक चलेगी। हाईस्कूल में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और निजी आइटीआइ में प्रवेश होगा। सामान्य अभ्यर्थियों के लिए 250 और अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए 150 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट scvtup.in से आवेदन कर सकते हैं। हर वर्ष करीब पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। करीब एक लाख से अधिक सीटों पर प्रवेश होता है। मेरिट से प्रवेश होने से हाईस्कूल में कम अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को कम अवसर मिलेंगे। मेरिट जिले, ब्लाक और तहसील स्तर पर बनाई जाएगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

फार्मास्युटिकल साइंसेज़ छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ के वी फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को सैन्थो फार्मास्युटिकल्स का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने आई ड्रॉप्स और आई ऑइंटमेंट्स की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और औषधि निर्माण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव देना और उनकी व्यावसायिक समझ को सुदृढ़ करना था। इस दौरान कंपनी की प्रबंध निदेशक एकता अग्रवाल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें भविष्य में प्लेसमेंट के अवसरों के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भ्रमण के दौरान उपस्थित रहे और उन्होंने कंपनी की प्रबंध समिति को इस अवसर के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रयोगात्मक परीक्षा की समय सारिणी जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने बीपीएड व एमपीएड दूसरे-चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की समय सारिणी शुक्रवार को जारी कर दी है। एमपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई व दो जून और दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा दो व तीन जून को होगी। वहीं, बीपीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन और चार जून, चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा चार व पांच जून को होंगी। (जासं)

मिला विस्तार

लखनऊ : लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान को आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) से एमबीए (पर्यटन और आतिथ्य) कोर्स को 2025-26 शैक्षिक सत्र के लिए स्वीकृति विस्तार मिल गया है। यह कोर्स 2024-25 शैक्षिक वर्ष में पहले ही एआइसीटीई से स्वीकृत किया गया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान को बधाई दी। संस्थान की निदेशक डा. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि इस कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। (जासं)

लविः बैक पेपर व इम्प्रूवमेंट वाले 17 तक भर सकेंगे परीक्षा फार्म

जासं • लखनऊ : लविवि ने बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट व इक्जम्टेड छात्र-छात्राओं को आनलाइन परीक्षा फार्म भरने का मौका दिया है। बी.ए, बी.एससी व बी.काम एनईपी के ऐसे विद्यार्थी जो अपनी छठे सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, लेकिन प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा नहीं पास कर पाए, वे 17 मई तक लवि की वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं। बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट व इक्जम्टेड छात्र-छात्राओं को फार्म संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना हैं।

TOI PAGE 3

Indians ready to sacrifice for nation: LU VC in podcast

Times News Network

Prof Alok Kumar Rai has been awarded the honorary rank of Colonel Commandant

Lucknow: Lucknow University on Friday screened a special episode of its podcast 'A World for Everyone' in which vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai, who generally hosts the show, was a special guest. The VC was awarded the honorary Colonel Commandant rank by the Ministry of Defence this week.

"I feel privileged to be awarded the honorary Colonel Commandant rank. Though it's honorary, it's no less than the real rank awarded to defence personnel. Our defence forces are loved and respected by the people to an extent that even if an individual gets appointed as a sepoy in the armed forces, it becomes a reason for celebration in his entire village or town," the VC said in the podcast.

He said that every Indian is ready to sacrifice everything in the present scenario of the India-Pakistan conflict.

Receiving such a title from the people of the armed forces increases the responsibility and courage to do everything and anything for the nation.

"We conducted a mock drill on our campus. The presence of men in uniform and our National Cadet Corps in the mock drill filled everyone with josh, enthusiasm, and thrill. This is the power of our armed forces and of men in uniform," he added.

i-NEXT PAGE 6

इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज को एआईसीटीई से मिल गया अप्रूवल

LUCKNOW (9 May): लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज को एआईसीटीई यानी ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन से बीबीए प्रोग्राम के लिए ईओए यानी स्वीकृति विस्तार दिया गया है. एआईसीटीई से अप्रूवल मिलना शैक्षिक विश्वसनीयता और उद्योग मानकों की अनुरूपता सुनिश्चित करती है. जिससे स्टूडेंट्स को बेहतरीन करियर अपॉर्चुनिटीज मिलती हैं. इस मौके पर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए इंस्टीट्यूट को बधाई दी और शैक्षिक उत्कृष्टता से जुड़े प्रयासों की सराहना की.

शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए लविवि कुलपति ने की सराहना

लखनऊ(एसएनबी)। पर्यटन अध्ययन संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन से वीवीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम के लिए 2025-26 शैक्षिक वर्ष के लिए स्वीकृति विस्तार (ईओए) प्राप्त हुआ है। यह कोर्स 2024-25 शैक्षिक वर्ष में पहले ही एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत किया गया था। एआईसीटीई से स्वीकृति राष्ट्रीय पहचान, शैक्षिक विश्वसनीयता, और उद्योग मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित करती है, जिससे छात्रों के करियर की संभावनाओं में वृद्धि होती है। महत्वपूर्ण यह है कि पर्यटन अध्ययन संस्थान उत्तर प्रदेश में एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत वीवीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान है, जो राज्य में पर्यटन और आतिथ्य शिक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रो आलोक कुमार राय कुलपति ने संस्थान को बधाई देते हुए पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में शैक्षिक उत्कृष्टता और उद्योग से जुड़ी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एआईसीटीई स्वीकृत पाठ्यक्रमों को विभिन्न सरकारी ग्रांट्स, छात्रवृत्तियों और योजनाओं के लिए आवेदन करने का अवसर मिलता है, जो छात्रों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध है। डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, संस्थान की निदेशक ने कहा कि स्वीकृति विस्तार शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, और संस्थान द्वारा कुलपति के नेतृत्व में की जा रही निरंतर सुधार पहलों का प्रमाण है। वीवीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

लविवि के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने आज सैन्थो फार्मास्युटिकल्स का शैक्षिक भ्रमण किया। यह कंपनी एक जीएमपी (गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस) और डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा अनुमोदित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने आई ड्रॉप्स और आई ऑइंटमेंट्स की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और औषधि निर्माण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव देना और उनकी व्यावसायिक समझ को सुदृढ़ करना था।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि के बीबीए कोर्स के विस्तार को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) से बीबीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम के लिए 2025-26 शैक्षिक वर्ष के लिए स्वीकृति विस्तार (ईक्यूए) प्राप्त हुआ है। यह कोर्स 2024-25 शैक्षिक वर्ष में पहले ही एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत किया गया था। एआईसीटीई से स्वीकृति राष्ट्रीय पहचान, शैक्षिक विश्वसनीयता और उद्योग मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित करती है, जिससे छात्रों के करियर की संभावनाओं में वृद्धि होती है। महत्वपूर्ण यह है कि पर्यटन अध्ययन संस्थान उत्तर प्रदेश में एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत बीबीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान है, जो राज्य में पर्यटन और आतिथ्य शिक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान को बधाई दी और पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में शैक्षिक उत्कृष्टता और उद्योग से जुड़ी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एआईसीटीई स्वीकृत पाठ्यक्रमों को विभिन्न सरकारी ग्रांट्स, छात्रवृत्तियों, और योजनाओं के लिए आवेदन करने का अवसर मिलता है, जो छात्रों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध हैं।

संस्थान की निदेशक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वीकृति विस्तार शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, और संस्थान द्वारा कुलपति के नेतृत्व में की जा रही निरंतर सुधार पहलों का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को तेजी से विकसित हो रहे पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में गतिशील करियर के लिए तैयार करना जारी रखता है। भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में पर्यटन और आतिथ्य उद्योग के बढ़ते संभावनाओं के साथ, यह कोर्स कुशल और उद्योग-तैयार छात्रों के लिए प्रेरणादायक करियर अवसर प्रदान करता है। बीबीए (पर्यटन और आतिथ्य) कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर, जानकीपुरम में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।